# आचरण से संगठन की मर्यादा को बनाए रखें

## एसआईआर को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित

**रायसेन,18 नवम्बर. भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2025) के तहत जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल और भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया.**

बैठक के प्रथम सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री जामवाल ने संगठन पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की. दूसरे सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने उनका स्वागत किया. इसके बाद जनप्रतिनिधियों की बैठक में एसआईआर 2025 की प्रगति की समीक्षा की गई.



अजय जामवाल ने निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर, अर्थात 30 नवंबर तक हर हाल में पूर्ण किया जाए. उन्होंने उपस्थित जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नव नियुक्त पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और सभी को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पहचान हैं. पदाधिकारी अपने आचरण और व्यवहार से संगठन की मर्यादा को बनाए रखें. उन्होंने कहा— 'हमारा संगठन सभी को साथ लेकर चलने, सभी को सुखी-प्रसन्न देखने और राष्ट्र, सनातन तथा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है. इसलिए हर कार्यकर्ता का आचरण ऐसा हो कि न स्वयं बदनाम हों और न ही पार्टी की छवि प्रभावित हो.

> कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल और संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल का साल एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया. बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री केशव पटेल ने किया. इस अवसर पर राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, नगर पालिका और जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, नगर परिषदों के प्रतिनिधि, एसआईआर विधानसभा प्रभारी, नव नियुक्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## झोपड़ी में आग लगने से बुजुर्ग की जलकर मौत

**सलामतपुर.** भगवंतपुर कॉलोनी कालीदांत टोला में सोमवार-मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें सर्दी से बचने के लिए जलाए गए अलाव ने एक बुजुर्ग की जान ले ली. आग इतनी तेज थी कि झोपड़ी कुछ ही मिनटों में धू-धू कर जल उठी और अंदर सो रहे 70 वर्षीय प्यारे लाल पिता खुमान सिंह इसकी चपेट में आ गए. प्यारे लाल रोज की तरह घर के पास बनी टपरिया में सो रहे थे. ठंड से बचने के लिए वे शाम को अलाव जला लेते थे. मंगलवार लगभग रात 12:30 बजे अचानक टपरिया से आग की लपटें उठने लगीं. चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक आग ने पूरे शरीर को बुरी तरह झुलसा दिया था. परिजन बताते हैं कि बाहर निकालने के बाद कुछ समय तक उनकी सांसें चलती रहीं लेकिन चोटों की गंभीरता के चलते उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया.



## भारतीय मजदूर संघ ने 47 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सौंपा ज्ञापन

**रायसेन, 18 नवम्बर. भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई ने मंगलवार को अपनी 47 सूत्रीय मांगों के समर्थन में रायसेन में धरना प्रदर्शन किया. बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, संविदा शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और विभिन्न विभागों के कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल हुए. संघ प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह को सौंपा.**

धरने के बाद संघ कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकाली. कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर पंडाल लगाकर धरना दिया गया. कार्यक्रम में संभागीय सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, जिला मंत्री अरविंद सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह भदौरिया, किशोर सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, बसंत प्रजापति, ओमप्रकाश मेवाड़ा, अजय कौरव, गोपाल साहू, मुरारीलाल सोनी (जिला अध्यक्ष पेंशन एसोसिएशन), शरद द्विवेदी (जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ) और सूर्य प्रकाश सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे.

ज्ञापन में असंगठित मजदूरों के लिए प्रत्येक नगरीय क्षेत्र में छायादार शेड, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई. श्रमिक योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए दीवार लेखन जारी रखने का आग्रह भी किया गया. संघ ने मांग की कि फैक्ट्री अधिनियम 1948 के प्रावधानों का पालन कर मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक कार्य न कराया जाए. यदि अतिरिक्त कार्य लिया जाता है, तो उसकी पृथक मजदूरी अनिवार्य रूप से दी जाए. साथ ही न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के सख्त अनुपालन और कार्यस्थलों का जिला अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कराने की भी मांग उठाई गई.

### कर्मचारियों को वेतन समय पर मिले

ज्ञापन में शासकीय और अर्द्धशासकीय विभागों के कर्मचारियों को हर माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी गई. इसके साथ ही अध्यापक संवर्ग, विज्ञान एवं सहायक शिक्षकों के नियमितीकरण, 12 और 24 वर्ष की क्रमोन्नति/समयमान वेतनमान के एरियर्स भुगतान तथा अर्जित अवकाश के लंबित बिलों का शीघ्र निपटान करने की मांग भी शामिल है.

## एक नजर में



### रक्षा समिति ने मनाया अधिकार दिवस

**बेगमगंज.** थाना परिसर में मंगलवार को नगर एवं ग्राम रक्षा समिति का अधिकार दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. कार्यक्रम में थानाप्रभारी राजीव उइके, पुलिस स्टाफ तथा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे. थानाप्रभारी उइके ने केक काटकर समारोह की शुरुआत की और समिति सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनकी मेहनत, समर्पण और लगनशीलता की सराहना की. जिला संयोजक मुकेश शर्मा ने बताया कि जिले के सभी थानों में एक साथ 18वां अधिकार दिवस मनाया गया. उन्होंने कहा कि 18 नवंबर 1999 को विधानसभा में विधेयक पारित कर समिति के सदस्यों को लोक सेवक का दर्जा प्रदान किया गया था. उन्होंने सभी सदस्यों से निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की.



### किसानों का आरोप—निगम ने दिया घूना हुआ गेहूं बीज

**बेगमगंज.** किसानों ने मप्र राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम पर घटिया गेहूं बीज बेचने का आरोप लगाया है. दो किसान—धीरेन्द्र मिश्रा और जगदीश सिंह—घूना और टूटा हुआ गेहूं मिलने के बाद बोरी सहित एसडीएम कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. किसानों का कहना है कि उन्होंने 4350 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 40-40 किलो गेहूं बीज खरीदा था, लेकिन बोरी खोलने पर बीज में कीड़ों (तीलूले), कचरा और पाउडरनुमा दाना मिला. किसानों ने एसडीएम शौरभ मिश्रा को ज्ञापन देकर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और अच्छी क्वालिटी का बीज उपलब्ध कराने की मांग की. उनका कहना है कि बोआई के समय पता चला कि बीज पूरी तरह खराब है और खेत में डालने लायक नहीं बचा. किसानों ने कहा कि बीज आधा पाउडर जैसा हो चुका था, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ गई है. एसडीएम ने मामले की जांच का भरोसा दिया है. निगम प्रभारी रामचन्द्र नागर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कुल 1165 .60 क्विंटल अच्छी क्वालिटी का गेहूं बीज आया है, जिसमें से 503 क्विंटल 71 किसानों और समितियों को बेचा जा चुका है. अभी तक किसी भी अन्य किसान ने बीज खराब होने की शिकायत नहीं की है. उन्होंने कहा कि यदि ये दोनों किसान बीज बदलवाना चाहें तो उन्हें नया बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा. निगम के अनुसार मसूर और चने का बीज भी किसानों को वितरण जारी है.

**कार्रवाई की मांग**

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर 4255 रुपए

**रायसेन.** भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रय करने वाले किसानों के लिए सोमवार को नया मॉडल रेट जारी किया गया. आज का मॉडल रेट 4255 रुपए प्रति क्विंटल तय हुआ है, जिसके आधार पर किसानों को मिलने वाली भावांतर राशि की गणना की जाएगी. यह दर उन किसानों पर लागू है जिन्होंने अपनी उपज मंडी प्रांगण में बेची है. सोयाबीन के मॉडल रेट में पिछले सप्ताह से लगातार वृद्धि दर्ज हो रही है. 7 नवंबर को मॉडल रेट 4020 रुपए था, जो क्रमश: बढ़ते हुए 17 नवंबर को 4236 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गया. नमी कम होने और गुणवत्ता में सुधार के कारण मंडियों में भाव मजबूत बने हुए हैं. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसानों को सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5328 रुपए प्रति क्विंटल हर स्थिति में दिलाया जाएगा. यदि मंडियों में वास्तविक ऑक्शन भाव या मॉडल रेट एमएसपी से कम रहता है, तो अंतर की राशि सरकार भावांतर योजना के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराती है. यह मॉडल रेट पिछले 14 दिनों के सोयाबीन के औसत बाजार भाव पर आधारित होता है. सरकार का कहना है कि भावांतर योजना के सफल क्रियान्वयन से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है, वहीं व्यापारियों को भी मंडियों में निर्बाध व्यापार की सुविधा मिली है. उपार्जन सीजन में जहां व्यापार प्रभावित होता था, वहीं अब मॉडल रेट और खुले बाजार के कारण मंडियों में सक्रियता भी बढ़ी है. किसान संगठनों ने बढ़ते मॉडल रेट को राहत भरी स्थिति बताया है और उम्मीद जताई है कि बाजार में सुधार का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा.

## 55 सदस्यीय दल ने भेड़ाघाट-झोतेश्वर का किया अध्ययन

### न्यू सर्वोदय स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण

**उदयपुरा, 18 नवम्बर. नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था न्यू सर्वोदय हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा भेड़ाघाट एवं झोतेश्वर के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. कुल 55 छात्रों एवं शिक्षकों का दल रविवार सुबह प्राचार्य रामकुमार रघुवंशी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर से रवाना हुआ. प्रस्थान के साथ ही विद्यार्थियों में उत्साह, जिज्ञासा और नई जानकारियाँ प्राप्त करने की उत्कंठा स्पष्ट दिखाई दे रही थी.**



दल ने सबसे पहले भेड़ाघाट एवं ग्वारीघाट पहुँचकर मां नर्मदा के दर्शन किए. इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध धुआंधार जलप्रपात का अवलोकन किया. जलप्रपात की तीव्र धारा, नर्मदा तट की प्राकृतिक सुंदरता और संगमरमर घाटियों की भव्यता ने विद्यार्थियों को आकर्षित किया. प्राकृतिक संरचनाओं, प्रवाह की तीव्रता और पर्यावरणीय महत्व पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को?? जानकारी भी दी.

इसके उपरांत दल झोतेश्वर पहुँचा, जहाँ सभी ने माता राज राजेश्वरी, स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज की समाधि स्थल तथा दूल्हा देव मंदिर में दर्शन किए. इस दौरान छात्रों ने आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और स्थानीय संस्कृति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की.

भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने अनुशासन, सामूहिक कार्य, सहयोग, सुरक्षा नियमों और व्यवहारिक ज्ञान के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया.





## बिना अनुमति काटी जा रही अवैध कॉलोनियां

**विशेषज्ञों की चेतावनी**

**घर का सपना पूरा करने की जल्दबाज़ी न करें, जांच-परख ही खरीदें प्लॉट**

**सिलवानी, 18 नवंबर. क्षेत्र में इन दिनों जमीन, मकान और प्लॉट के कारोबार में तेज़ी देखी जा रही है. इसी अवसर का फायदा उठाते हुए कई कॉलोनाइजर लोगों को बेहतर घर का सपना दिखाकर अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों और विवादित भू-खंडों की बिक्री कर रहे हैं.**

कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें खरीदारों ने प्लॉट तो खरीद लिए, राशि भी जमा कर दी, लेकिन बाद में पता चला कि जमीन बैंक या एसडीएम कार्यालय में बंधक थी या उस पर कॉलोनी विकसित करने की कोई अनुमति ही नहीं थी. अब ऐसे खरीदार परेशानियों का सामना कर रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में कॉलोनाइजर और रियल एस्टेट कारोबारी सक्रिय हैं. कई भू-खंड ऐसे हैं जिनका न तो डायवर्शन हुआ है और न ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) से नक्शा स्वीकृत है. इसके बावजूद खुलेआम प्लॉटिंग की जा रही है.

> 'मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है. हल्का पटवारी को भेजकर जांच कराई जाएगी. अवैध प्लॉटिंग की पुष्टि होने पर भू-खंडों के विक्रय पर रोक लगाई जाएगी.'
>
> **हर्षल चौधरी,** एसडीएम

## क्षेत्र में फैक्ट्रियां बंद होने से ठप हुए रोजगार

- लोगों ने की नए उद्योग लगाने की मांग
- 400 लोग भोपाल-विदिशा के लिए करते हैं अपडाउन

**सलामतपुर,18 नवम्बर .प्रदेश सरकार जहाँ युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, वहीं सलामतपुर और आसपास का क्षेत्र लगातार बढ़ती बेरोजगारी और पलायन की समस्या से जूझ रहा है.**




कभी इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में प्रसिद्ध यह इलाका आज फैक्ट्रियों के बंद होने से आर्थिक गतिविधियों में भारी गिरावट झेल रहा है. सलामतपुर और दीवानगंज कस्बे में एक समय रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों से लोग आते थे, पर अब स्थिति उलट चुकी है.

पिछले दो दशकों के दौरान अधिकांश फैक्ट्रियां एक-एक कर बंद हो गईं, जिसके चलते हजारों बाहरी और स्थानीय लोगों का रोजगार छिन गया. स्थानीय दुकानों और व्यवसायों पर भी इसका सीधा असर पड़ा है. आज स्थिति यह है कि कस्बे के लगभग 400 लोग प्रतिदिन भोपाल और विदिशा अपडाउन कर काम करने को मजबूर हैं.

> **इनका कहना है**
>
> सुरेंद्र मेहरा, अध्यक्ष, बेरोजगार मजदूर संगठन सलामतपुर ने कहा '20 साल हो गए सूर्या फैक्ट्री को बंद हुए. हमारी मांग है कि इसे पुन: शुरू किया जाए और नए उद्योग लगाए जाएं. अगर जल्दी समाधान नहीं हुआ, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा.'

## 29,404 विद्यार्थियों ने दी ओलंपियाड परीक्षा

**रायसेन,18 नवम्बर . जिले में मंगलवार को राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई. परीक्षा का उद्देश्य कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन करना है. जिले के कुल 1964 स्कूलों के 29,404 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए.**



जिले में सागर रोड स्थित शासकीय आदर्श कन्या स्कूल को प्रमुख परीक्षा केंद्र बनाया गया था. इसके अलावा जिलेभर के 70 जन शिक्षक केंद्रों पर भी परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई. सभी केंद्रों पर परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की पहले से समीक्षा की गई थी, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. आदर्श कन्या स्कूल के प्राचार्य कमलेश नरवरे ने बताया कि वर्तमान में यह परीक्षा जिला स्तर पर आयोजित हो रही है. जिला स्तर पर सफल होने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा. राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति सहित शासन की कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा.

## कार आईशर ट्रक में घुसी दंपत्ति घायल

**सलामतपुर.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर सलामतपुर थाना क्षेत्र स्थित नहर की पुलिया के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक सड़क हादसा हो गया. जानकारी के अनुसार, आगे चल रहे ट्रॉले ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिसके कारण पीछे आ रहे भूसे से भरे आईसर ट्रक को भी तुरंत ब्रेक लगाने पड़े. उसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार अनियंत्रित होकर आईसर ट्रक में जा घुसी. हादसे में कार सवार दंपत्ति कुणाल दीप सिंह और उनकी पत्नी गुरविंदर कौर घायल हो गए. पति-पत्नी दोनों के चेहरे पर चोटें आई हैं. बताया गया कि दंपत्ति अपने निजी कार्य से दामों से भोपाल जा रहा था.

**पदोन्नति** | 31 वर्षों का शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव है

## साँची विवि में प्रो. गुप्ता ने संभाला कुलसचिव का पदभार

**सलामतपुर,18 नवम्बर. साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर राम निवास गुप्ता ने मंगलवार को नए कुलसचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया. प्रो. गुप्ता ग्वालियर स्थित पीएम उत्कृष्ठ शासकीय पीजी कॉलेज में गणित विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर रहे हैं.**



प्रो. गुप्ता के पास 31 वर्षों का शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव है. वे एम.एससी. (गणित) और एम.फिल (गोल्ड मेडलिस्ट) हैं तथा उन्होंने पीएच.डी. फर्टिलिटी मॉडलिंग विषय में की है. प्रशासनिक क्षेत्र में भी उनका समृद्ध अनुभव रहा है. वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नैक समिति की कई महत्वपूर्ण कार्ययोजनाओं में नोडल अधिकारी रहे हैं. इसके अलावा वे यूपीएससी एवं एमपीपीएससी परीक्षाओं में पर्यवेक्षक की भूमिका निभा चुके हैं. शैक्षणिक योगदान की बात करें तो प्रो. गुप्ता ने गणित विषय पर कई पुस्तकें लिखी हैं. उन्होंने ग्वालियर में गणित अकादमी की स्थापना भी की थी. नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वे विभिन्न अकादमिक बोर्ड एवं समितियों के सदस्य रहे हैं और पाठ्यक्रम विकास में सक्रिय भूमिका निभाई है. प्रो. गुप्ता ने अब तक 25 से अधिक शोधपत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एवं कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किए हैं. वर्ष 2022 में ग्वालियर विकास समिति ने उन्हें उत्कृष्ट शिक्षक के सम्मान से भी नवाजा था. साथ ही, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्रालय द्वारा विवेक पाण्डेय को विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव का दायित्व सौंपा गया है.

## दबंगों से पीड़ित परिवार ने लगाई कलेक्टर से मदद की गुहार

**उदयपुरा, 18 नवम्बर. जनसुनवाई केंद्र उदयपुरा में मंगलवार को एक दलित परिवार ने गांव के कुछ दबंग समाज के लोगों पर उनकी कृषि भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने, खेत तक पहुंचने का रास्ता रोकने, फसल नष्ट करने, जातीय अपमान करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए.**

कलेक्टर को दिए आवेदन में विद्या कटियार पति चेतराम कटियार, रीतेश, मयंक तथा घुरको बाई पत्नी माखनलाल ने बताया कि वे कई वर्षों से न्याय के लिए अधिकारियों के पास चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.



परिवार के अनुसार वर्ष 2008-09 में उन्होंने ग्राम शोभापुर में लगभग 26.5 एकड़ कृषि भूमि खरीदी थी. तभी से गांव के कुछ प्रभावशाली लोग—जिनमें हक्कादास, नंददास, कृष्णकुमार, ब्रजमोहनदास, ओमप्रकाश और उनके परिजन नरेशदास शामिल हैं.